
# राष्ट्रीय एकता शिविर



**गंगरार**। स्वयं की ताकत और कमजोरियों का निरन्तर विश्लेषण करते रहें। निरन्तर प्रशिक्षण से अपने आपको और मजबूत बनायें। उक्त बातें मेवाड़ विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि संगम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. करूणेश सक्सेना ने देशभर के विभिन्न राज्यों से आये हुए एनएसएस वालन्टियर्स से कही। स्वागत भाषण मेवाड़ विष्वविद्यालय के प्रतिकुलपति आनन्द वर्द्धन शुक्ल ने दिया। कार्यक्रम का संचालन गुजरात के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेन्द्र पटेल और महाराष्ट्र की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनीता पाल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना राजस्थान की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रूचि मिश्रा ने किया। इसके अलावा गुजरात मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र के एनएसएस वालन्टियर्स ने सुबह प्रभातफेरी और योगा कार्यक्रम में प्रतिभागिता की तथा दोपहर में खेलकूद गतिविधियों एवं सायंकाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

Dainik Navajyoti 24-05-2022

# स्वयं की ताकत और कमजोरियों का निरन्तर विश्लेषण करते रहें



चित्तौड़गढ़. स्वयं की ताकत और कमजोरियों का निरन्तर विश्लेषण करते रहें। निरन्तर प्रशिक्षण से अपने आप को और मजबूत बनायें। उक्त बातें मेवाड़ विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर के दूसरे दिन संगम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. करूणेश सक्सेना ने देशभर के विभिन्न राज्यों से आये हुए एनएसएस वालन्टियर्स से कही। उन्होंने कहा कि सारी शिक्षा केवल पढ़ाई से ही नहीं मिल सकती इसके अलावा भी हमें व्यावहारिक व सामाजिक जीवन से भी सीखने की जरूरत है। हमें हमेशा अच्छे व्यवहार की आदत बनानी चाहिये। यथार्थवादी बने रहें, मुगालते में न रहें। हम अक्सर मुश्किल आने पर घबरा जाते हैं। हमें धैय रखना चाहिए और अपनी ऊर्जा को संकेन्द्रित करना चाहिए। परिचय एवं स्वागत भाषण मेवाड़ विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति आनन्द वर्द्धन शुक्ल ने दिया। कार्यक्रम का संचालन गुजरात के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेन्द्र पटेल और महाराष्ट्र की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनीता पाल ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना राजस्थान की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रूचि मिश्रा ने आभार जताया किया। इसके अलावा गुजरात मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र के एनएसएस वालन्टियर्स ने सुबह प्रभातफेरी और योगा कार्यक्रम में प्रतिभागिता की तथा दोपहर में खेलकूद गतिविधियों एवं सायंकाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

Rajasthan Patrika 24-05-2022

# स्वंय की ताकत व कमजोरियों का निरंतर विश्लेषण करें

**चित्तौड़गढ़, 23 मई (कासं.)** । स्वयं की ताकत और कमजोरियों का निरन्तर विश्लेषण करते रहें, निरन्तर प्रशिक्षण से अपने आप को और मजबूत बनायें।

मेवाड़ विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि संगम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. करूणेश सक्सेना ने देशभर के विभिन्न राज्यों से आये हुए एनएसएस वालन्टियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि सारी शिक्षा केवल पढ़ाई से ही नहीं मिल सकती इसके अलावा भी हमें व्यावहारिक व सामाजिक जीवन से भी सीखने की जरुरत है।



हमें हमेशा अच्छे व्यवहार की आदत बनानी चाहिये। यथार्थवादी बने रहें, मुगालते में न रहें। हम अक्सर मुश्किल आने पर घबरा जाते है, हमें धैर्य रख अपनी ऊर्जा को संकेन्द्रित करना चाहिए। परिचय एवं स्वागत भाषण विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति आनन्द वर्द्धन शुक्ल ने दिया। कार्यक्रम का संचालन गुजरात के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेन्द्र पटेल और महाराष्ट्र की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनीता पाल ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना राजस्थान की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रूचि मिश्रा ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। इसके अलावा गुजरात मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र के एनएसएस वालन्टियर्स ने सुबह प्रभातफेरी और योगा कार्यक्रम में प्रतिभागिता की तथा दोपहर में खेलकूद गतिविधियों एवं सायंकाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना गान तथा समापन राष्ट्रगान से हुआ।

Jannayak 24-05-2022